राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, भोपाल

# सम्पर्क सरिता

वर्ष–19, अंक–03 जुलाई–सितंबर 2018

## मुक्त शिक्षा संसाधनों के लिए अनुदेशन सामग्री डिजाइन और उत्पादन पर प्रशिक्षण



उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ. सी. थंगराज

संस्थान के इलेक्ट्रानिक मीडिया विभाग द्वारा ''भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग कार्यक्रम'' (आईटेक) के तहत विदेश मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित ''मुक्त शिक्षा संसाधनों के लिए अनुदेशन सामग्री डिजाइन और उत्पादन'' विषय पर 24 सिंतबर से 12 अक्टूबर 2018 तक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मॉरीशस, उज्बेकिस्तान, तंजानिया, आर्मेनिया, बोत्सवाना, थाईलैंड, नाइजीरिया और वेनेजुएला से आये 10 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उदघाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एन श्रीधरन, निदेशक, स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर, भोपाल द्वारा 24 सिंतबर 2018 को किया गया। उन्होंने अपने उदघाटन भाषण में ज्ञान के एकीकरण की आवश्यकता पर जोर दिया एवं मुक्त अध्ययन सामग्री के महत्व पर प्रकाश डाला। उदघाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ. सी. थंगराज ने की। उन्होंने कहा कि संस्थान में आये विदेशी प्रशिक्षणार्थी भाषा की भिन्नता से परेशान नहीं होंगे क्योकि संस्थान इस तरह के कार्यक्रम कई वर्षो से कर रहा है। आइटेक की समन्वयक प्रो. चंचल मेहरा ने इस योजना की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों ने मंडीदीप स्थित दौलतराम इंजीनियरिंग सर्विसेज (प्रा.) लिमिटेड का भ्रमण किया। इस इंडस्ट्री के प्रबंध निदेशक श्री सी.पी. शर्मा ने सभी प्रशिक्षणार्थियों के देशो में शिक्षा की स्थिति एवं आर्थिक व्यवस्था की जानकारी ली। निदेशक श्री पुलकित शर्मा ने कंपनी के उत्पादों से अवगत कराया। अध्ययन भ्रमण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों ने देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर के शैक्षिक मल्टीमीडिया रिसर्च सेन्टर तथा भारतीय प्रबंधन संस्थान, इंदौर में भी ओपन लर्निंग रिसोर्सेस की जानकारी ली। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षणार्थियों ने विश्व धरोहर में शामिल साँची एवं भीमबैठका पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. एस.एस. केदार एवं संकाय सदस्यों में प्रो. अस्मिता खजांची, प्रो. प्रभाकर सिंह, डॉ. के.जे. मथाई ने प्रशिक्षण में अपना योगदान दिया। डॉ. राजेश पी.खंबायत, संयुक्त निदेशक, पडित सुन्दरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान, भोपाल द्वारा ''कल के शिक्षको के लिए काम और कौशल के भविष्य में नये रूझान'' विषय पर एक विशेष व्याख्यान दिया गया। इलेक्ट्रानिक मीडिया विभाग के स्टूडियो में सभी प्रशिक्षणार्थियों द्वारा तैयार किए गये अनुदेशन सामग्री पर आधारित वीडियो तथा ई–कंटेन्ट का निर्माण किया गया। प्रशिक्षण के दौरान विभाग के तकनीकी कर्मचारियों द्वारा अपना सहयोग प्रदान किया।





प्रशिक्षणार्थियो से चर्चा करते श्री सी.पी. शर्मा

# स्वतंत्रता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



संस्थान में 15 अगस्त, 2018 को स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस वर्ष राष्ट्रीय ध्वज संस्थान की वरिष्ठतम कर्मचारी श्रीमती ज्योत्सना तांबे व उनके परिवार द्वारा फहराया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष, संचालक मण्डल श्री सी.पी. शर्मा, निदेशक डॉ.सी. थंगराज के साथ–साथ संस्थान के समस्त संकायगण / अधिकारीगण / कर्मचारीगण भी उपस्थित थे। इस अवसर पर अध्यक्ष, संचालक मंडल श्री सी.पी. शर्मा ने निटर परिवार को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए आव्हान किया कि हम सभी राष्ट्रहित के लिये अपने–अपने कार्य को पूर्ण समर्पण, प्रतिबद्धता व ईमानदारी से करें। उन्होंने संस्थान में एक विशाल राष्ट्रीय ध्वज लगाने का सुझाव दिया।

# हित धारकों के साथ बैठक आयोजित

संस्थान का प्रशिक्षण कैलेण्डर 2019–20 तैयार करने की शुरूआत दिनांक 06 अगस्त 2018 को हित धारको के साथ बैठक के आयोजन के साथ शुरू हुई। इस बैठक में गुजरात से 6, मध्यप्रदेश से 9 एवं छत्तीसगढ राज्य से 01 प्रतिनिधि उपस्थित हुए। संस्था के 27 संकाय सदस्य भी इस अवसर पर उपस्थित थे। इस बैठक का आयोजन संस्था के निदेशक डॉ. सी. थंगराज की अध्यक्षता में हुआ। मुख्यतः इस बैठक में पांच बिन्दुओं पर चर्चा हुई। ये बिन्दु इस प्रकार हैं :–



बैठक को संबोधित करते प्रो. वीरेन्द्र कुमार

प्रशिक्षण कैलेण्डर तैयार करने की विधि– इस विधि में बताया गया कि इस बैठक के पश्चात् प्रशिक्षण की आवश्यकता ज्ञात करने हेतु प्रत्येक राज्य में निर्धारित तिथि पर तकनीकी संस्थाओं की कार्यशाला आयोजित की जायेगी एवं पिछले प्रशिक्षण कार्यक्रमों के फीड बेक, तकनीकी संस्थाओं की विशिष्ट आवश्यकताओं एवं देश में तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण आवश्यकताएं ज्ञात की जायेगी। 31 दिसंबर 2018 को प्रशिक्षण कैलेण्डर को संस्था की वेब साइट पर अपलोड कर दिया जायेगा एवं 01 जनवरी 2019 से ऑन लाईन रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया जायेगा। कार्यसूची 2 के अंतर्गत यह सूचित किया कि माह अप्रैल 2018 से जुलाई 2018 तक संस्था में 75 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं। कार्यसूची 3 के अंतर्गत प्रो. बी.एल. गुप्ता ने स्वयं प्लेटफॉर्म पर संस्था द्वारा आयोजित किये जाने वाले 13 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में बताया एवं प्रो. पीयूष वर्मा ने टीएलसी प्रोजेक्ट के बारे में प्रस्तुतिकरण दिया एवं सभी राज्यों से प्रशिक्षण संस्थान एवं मेंटर प्रदान करने हेतु निवेदन दिया। प्रो. एस.के. गुप्ता ने एनआरसी असेसमेंट एवं इवेल्यूशन प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी प्रदान की एवं सभी राज्यों से निवेदन किया कि वे प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु प्रतिभागी उपलब्ध करवायें एवं परियोजना को सफल



बैठक को संबोधित करते प्रो. थंगराज

बनाने में सहयोग प्रदान करें। कार्यसूची 4 के अंतर्गत् प्रो. एस.आर.जोशी ने गुजरात राज्य के प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं एनआईटीटीटीआर के प्रशिक्षण कार्यक्रमों की उपलब्धियों के बारे में प्रस्तुतिकरण किया। प्रो. जोशी ने ऑन लाईन रजिस्ट्रेशन में आ रही बाधाओं एवं रजिस्ट्रेशन फीस के जमा करने की बाधाओं पर भी सूचित किया। प्रो. कुरैशी ने छत्तीसगढ़ राज्य के लिए प्राध्यापकों के प्रशिक्षण पर जानकारी प्रदान की एवं इंडक्शन फेस–2 कार्यक्रम एवं प्राध्यापकों को औद्योगिक प्रशिक्षण देने का निवेदन किया। डॉ. अशोक जैन ने विजन एवं मिशन की सहायता से प्रशिक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ. जैन ने तकनीकी एवं पाठ्यक्रम से संबंधित प्रशिक्षण के अतिरिक्त सॉफ्ट स्किल डेवलप करने का महत्व बताया एवं प्रशिक्षण आयोजित करने पर जोर दिया। कार्यसूची 5 के अंतर्गत् संस्था के विभिन्न राज्यों में चल रहे सेंटर से संबंधित मुद्दों पर चर्चा हुई एवं राज्यों से आग्रह किया गया कि वे तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने हेतु परियोजनाओं को प्रायोजित करें ताकि एनआईटीटीटीआर, भोपाल उन्हें सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान कर सके। बैठक को प्रो. वीरेन्द्र कुमार, संचालक तकनीकी शिक्षा, म.प्र. ने भी संबोधित किया। बैठक का समापन संस्थान के निदेशक डॉ. सी. थंगराज के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।



## शिक्षण अधिगम एवं उन्मुखीकरण पर कार्यक्रम



संस्थान के व्यावसायिक शिक्षा एवं उद्यमिता विकास विभाग द्वारा संचालित शिक्षण अधिगम केन्द्र परियोजना के अंतर्गत 20 सितंबर 2018 को भोपाल प्रबंधन संस्थान के सहयोग से होटल पलाश में ''शिक्षण अधिगम एवं उन्मुखीकरण'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य तकनीकी शिक्षा में गुणवत्ता सुधार और उससे संबंधित नवाचारी विधियों के व्यावहारिक पहलु पर चिंतन एवं विश्लेषण करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ भोपाल प्रबंधन संस्थान के अध्यक्ष श्री सुभाष बिठ्लदास ने अपने उद्बोधन भाषण से किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संस्थान के प्रोफेसर डॉ. डी.एस. करौलिया उपस्थित थे। विशेष अतिथि के रूप में डॉ. महेश शुक्ला, मुख्य महाप्रबंधक, दूरसंचार म.प्र.सर्कल एवं श्री संजय सिंह, वरिष्ठ महाप्रबंधक, एच.ई.जी. मण्डीदीप उपस्थित थे। कार्यक्रम के तकनीकी सत्र में डॉ. पीयूष वर्मा ने परियोजना में चल रही तकनीकी गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। डॉ. निशिथ दुबे ने उद्योगों से संबंधित आवश्यक जानकारी एकत्रित की। डॉ. पराग दुबे ने औद्योगिक संपर्क के तहत उद्योग जगत के प्रतिनिधियों को संस्थान की गतिविधियों में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस कार्यक्रम में उद्योग जगत एवं शिक्षण संस्थानों से 75 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विभाग के समस्त संकायगण व परियोजना के समस्त कर्मचारियों ने सहयोग प्रदान किया।




## संस्थान के विजन दस्तावेज पर कार्य शुरू

संस्थान का विजन दस्तावेज सर्वप्रथम वर्ष 1994–95 के दौरान प्रो. आर.के.मणी के मार्गदर्शन में तैयार किया गया था। तत्पश्चात् इस दस्तावेज को वर्ष 2003 में प्रो. पी.सी.जैन के मार्गदर्शन में पुर्नरीक्षित किया गया वर्ष 2003 में संस्थान को राष्ट्रीय संस्थान का दर्जा प्राप्त होने का गौरव मिला एवं आई.एस.ओ. प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ। संस्था के विजन कथन को 2009 में परिशोधित किया गया।

डिजिटल युग में तकनीकी शिक्षा में गुणवत्ता की मांग एवं एक्रीडिटेशन प्रक्रिया में परिवर्तन आने के कारण संस्थान ने गत वर्ष स्वाट एनालिसिस का कार्य निदेशक डॉ. सी.थंगराज के मार्गदर्शन में पूर्ण किया था। स्वाट एनालिसिस सभी संकाय सदस्यों की सहभागिता से किया गया था, इसके समन्वयक प्रो. बी.एल. गुप्ता थे। स्वाट एनालिसिस का उपयोग संस्थान द्वारा तैयार किये गये 32 शोध प्रस्तावों में किया गया। विजन दस्तावेज तैयार करने के लिए डॉ. बी.एल.गुप्ता, डॉ. डी.एस. करौलिया एवं डॉ. आशीष देशपांडे ने सहयोग प्रदान किया। 11 अगस्त 2018 को संस्थान के निदेशक डॉ. सी.थंगराज के मार्गदर्शन में एक कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें संस्थान के संकाय सदस्यों ने भाग लिया। इस कार्यशाला में सृजनशीलता सत्र एवं विश्लेषण सत्रों का आयोजन कर विजन दस्तावेज पर सभी संकाय सदस्यों के विचार एकत्रित किये गये। एकत्रित किये गये विचारों के आधार पर विजन दस्तावेज को परिशोधित किया गया। तत्पश्चात् इस दस्तावेज को संस्था की वेबसाईट के डिस्कशन फोरम पर अपलोड किया गया ताकि सभी संकायगण विजन दस्तावेज पर अपने विचार व्यक्त कर सकें। श्री प्रकाश एन हरदाह, श्री अभय दुबे एवं उनकी टीम ने संस्था की वेबसाईट के डिस्कशन फोरम को तैयार किया। कार्यशाला का समन्वयन प्रो. बी.एल.गुप्ता ने किया एवं प्रो. सुसन एस. मेथ्यू ने सहयोग प्रदान किया। इस विजन दस्तावेज का उपयोग संस्थान द्वारा विभिन्न गतिविधियों के क्रियान्वयन हेतु किया जायेगा।

## मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र के लिए संसाधन प्रबंधन पर प्रशिक्षण



संस्थान के मेकेनिकल अभियांत्रिकी विभाग द्वारा 03–14 सितंबर 2018 तक ''मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र के लिए संसाधन प्रबंधन'' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र के लिए संसाधन प्रबंधन के बारे में विस्तार से बताया गया और प्रशिक्षणार्थियों को आईसर ट्रेक्टर, मण्डीदीप का औद्योगिक भ्रमण भी कराया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 15 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. ए.के. सराठे थे। संकाय सदस्य के रूप में डॉ. वंदना सोमकुवर, डॉ.के.के. जैन एवं डॉ. शरद प्रधान ने अपना योगदान दिया।

# सर्जिकल स्ट्राइक दिवस मनाया गया।



कार्यक्रम को संबोधित करते कर्नल श्री मुकेश तिवारी

मानव संसाधन विकास विभाग, भारत सरकार के निर्देशानुसार संस्थान में 26 सितम्बर 2018 ''सर्जिकल स्ट्राइक दिवस'' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. अंजू रौले, अधिष्ठाता छात्र कल्याण द्वारा हमारे आर्मी के जवानों द्वारा किये गये ''सर्जिकल स्ट्राइक'' की सराहना की, और बताया कि पाकिस्तान ने 18 सितम्बर 2016 को जम्मू कश्मीर के उरी सेक्टर में एलओसी के पास स्थित भारतीय सेना के स्थानीय मुख्यालय पर हमला किया गया था, इस हमले में 18 जवान शहीद हो गये थे। ये एक आतंकी हमला था, हालांकि सुरक्षाबलों की कार्यवाही में सभी चार आतंकी मारे गये थे। भारत हर हाल में पाकिस्तान को सबक सिखाना चाहता था और इस कारण सर्जिकल स्ट्राइक का फैसला लिया गया और 29 सितम्बर की रात में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में पाकिस्तानी शह पर चल रहे आतंकी कैंपों को निशाना बनाया। इस हमले में भारतीय जवानों ने करीब 50 पाकिस्तानी के सैनिकों और आतंकियो को मार गिराया था। हमारे देश के जवानों ने अपने शौर्य का परिचय भी दिया था। इस अवसर पर ए4 गर्ल्स अकेडमी के कर्नल श्री मुकेश तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने इस अवसर पर बताया कि हमारे जवान भारत–पाकिस्तान की सीमा पर किस तरह अपनी जान की परवाह किये बिना सजग प्रहरी बन हमारे देश की रक्षा कर रहे हैं। वे बिना थके अपने काम को अंजाम दे रहे हैं। हमारे जवान हर परिस्थिति से लड़ने को हमेशा तैयार हैं। वे कड़ी ठंड, गर्मी एवं बरसात में सीमा पर चौकसी करते हैं। मौका पड़ने पर 48–48 घंटे भूखे प्यासे रहकर भी अपनी सरहद की रक्षा करते हैं। दुश्मन से मुठभेड़ करते समय अपने प्राणों की परवाह किये बिना जंग के मैदान में कूद जाते हैं। ऐसी सच्ची देशभक्ति से ओत–प्रोत हैं, हमारे देश के जवान। इस कार्यक्रम की निदेशक डॉ. सी. थंगराज ने भी काफी सराहना की। कार्यक्रम के अंत में डॉ. ए.के. जैन, अधिष्ठाता, प्रशासन ने सभी को धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम में समस्त संकायगण/अधिकारीगण/कर्मचारीगण/विद्यार्थीगण एवं प्रशिक्षणार्थीगण उपस्थित थे।



कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ. सी. थंगाराज

# प्रशिक्षण आवश्यकता के विश्लेषण पर कार्यशाला



संस्थान ने 6 अगस्त 2018 को वर्ष 2019–20 के लिए प्रशिक्षण कैलेण्डर तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ राज्य के लिए दिनांक 11 सितंबर 2018 को प्रशिक्षण आवश्यकता ज्ञात करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रो. सुब्रत रॉय ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया एवं प्रशिक्षण आवश्यकता ज्ञात कर प्रशिक्षण कैलेण्डर तैयार करने के महत्व को बताया। प्रो. पराग दुबे ने संस्थान के मेनडेट एवं प्रशिक्षण कैलेण्डर बनाने की पद्धति, छत्तीसगढ़ राज्य के लिए किये जाने वाले प्रावधानों, ट्रिपल शेयरिंग मॉडल, संस्था की मूक्स परियोजना, शिक्षण अधिगम केन्द्र एवं एनआरसी के बारें में विस्तृत रूप से बताया एवं संस्थाओं से निवेदन किया कि वे इन परियोजनाओं का लाभ प्राप्त करें साथ ही इन परियोजना के लक्ष्यों को पूर्ण करने में सहयोग प्रदान करें। प्रतिभागियों से एनआईटीटीटीआर के प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर फीडबेक प्राप्त किया गया। डॉ. कुरैशी, संयुक्त निदेशक, तकनीकी शिक्षा छत्तीसगढ़ ने संस्था को इस बात के लिए बधाई दी कि इस वर्ष किये जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों हेतु उनके सुझावों का समावेश किया। डॉ. बर्मन, प्राचार्य, शासकीय महिला पॉलिटेक्निक रायपुर ने उनकी संस्था के प्राध्यापकों एवं तकनीकी कर्मचारियों के लिए ज्ञात की गई प्रशिक्षण आवश्यकता एवं प्रशिक्षण आवश्यकता ज्ञात करने की पद्धति पर प्रस्तुतिकरण दिया। कुछ प्रतिभागियों ने ऑनलाईन पंजीयन, रजिस्ट्रेशन फीस के भुगतान एवं इसकी वापसी से संबंधित समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया। संस्था के रायपुर विस्तार केंद्र के प्रभारी समन्वयक ने सभी प्रतिभागियों, संचालक तकनीकी शिक्षा, छत्तीसगढ़ राज्य एवं प्राचार्य शासकीय महिला पॉलिटेक्निक रायपुर को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद प्रदान किया। डॉ. कुरैशी, संयुक्त निदेशक, तकनीकी शिक्षा छत्तीसगढ़ ने कहा प्रशिक्षण आवश्यकता पर प्रतिवेदन बनाकर संस्था को प्रदान करेंगे, जिसके आधार पर कैलेण्डर तैयार किया जावेगा। इस कार्यशाला में छत्तीसगढ़ राज्य के 37 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## पाठ्यक्रमों के विवरण सामग्री पर प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला

स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़ के डिप्लोमा इंजीनियरिंग के पाठ्यक्रम पुर्नरचना करने हेतु दिनांक 16–20 जुलाई 2018 '' पाठ्यक्रमों के विवरण सामग्री'' (सेमेस्टर–5) विषय पर प्रशिक्षण, सह–कार्यशाला का आयोजन बी.आई.टी. दुर्ग, छत्तीसगढ़ में किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पाठ्यक्रम परिणाम आधारित करिकुलम तैयार किये गये। इस कार्यशाला में पॉलिटेक्निक के 58 संकाय सदस्यो ने भाग लिया। इस पाँच दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के व्यावसायिक शिक्षा एवं उद्यमिता विभाग द्वारा किया गया। इस परियोजना की समन्वयक डॉ. अंजू रौले, एवं सह–समन्वयक डॉ. पीयूष वर्मा सहित संस्थान के विभिन्न विभागों के 16 संकाय सदस्यों ने अपना योगदान दिया।

## विस्तार केन्द्र पुणे में प्रशिक्षण आवश्यकता के विश्लेषण पद्धति पर कार्यशाला

संस्थान ने 6 अगस्त 2018 को वर्ष 2019–20 के लिए प्रशिक्षण कैलेण्डर तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की। इसी कड़ी में महाराष्ट्र राज्य के लिए 18 अगस्त 2018 को प्रशिक्षण आवश्यकता ज्ञात करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें 45 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रो. आर.बी. शिवगुण्डे ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया एवं प्रशिक्षण आवश्यकता ज्ञात कर प्रशिक्षण कैलेण्डर तैयार करने के महत्व को बताया। प्रो. अस्मिता खजांची ने संस्थान के मेनडेट एवं कार्यों के बारे में प्रतिभागियों को बताया। प्रो.बी.एल. गुप्ता ने प्रशिक्षण कैलेण्डर बनाने की पद्धति, महाराष्ट्र राज्य के लिए किये जाने वाले प्रावधानों, ट्रिपल शेयरिंग मॉडल, संस्था के मूक्स प्रोजक्ट, टीएलसी एवं एनआरसी के बारे मे विस्तृत रूप से बताया एवं संस्थाओं से निवेदन किया कि वे इन प्रोजेक्टस का लाभ प्राप्त करें एवं साथ ही इन प्रोजेक्टस् के लक्ष्यों को पूर्ण करने में सहयोग प्रदान करें। तत्पश्चात् प्रतिभागियों से एनआईटीटीटीआर के प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर फीडबेक प्राप्त किया। डॉ. विट्ठल एस. बंदल, प्राचार्य, शासकीय पॉलिटेक्निक, कराड़ ने संस्था को इस बात के लिए बधाई दी कि इस वर्ष किये जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों हेतु उनके दो मुख्य सुझावों का समावेश किया। ये सुझाव उपलब्धि आधारित मूल्यांकन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम की बेच साइज 30 रखने से संबंधित थे। डॉ. विट्ठल एस. बंदल ने उनकी संस्था के प्राध्यापकों एवं तकनीकी कर्मचारियों के लिए ज्ञात की गई प्रशिक्षण आवश्यकता एवं प्रशिक्षण आवश्यकता ज्ञात करने की पद्धति पर प्रस्तुतिकरण दिया। शासकीय पॉलिटेक्निक तासगांव, कराड़ एवं जलगांव ने भी ट्रिपल शेयरिंग कार्यक्रमों को आयोजित करने हेतु सहमति प्रदान की। कुछ प्रतिभागियों ने ऑनलाईन पंजीयन, रजिस्ट्रेशन फीस के भुगतान एवं इसकी वापसी से संबंधित समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित किया। संस्थान के पुणे विस्तार केंद्र के प्रभारी समन्वयक ने सभी प्रतिभागियों का, संचालक तकनीकी शिक्षा महाराष्ट्र, प्राचार्य होटल मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट पुणे एवं क्षेत्रीय कार्यालय, पुणे को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद प्रदान किया। प्रो. शिवगुण्डे प्रशिक्षण आवश्यकता पर प्रतिवेदन बनाकर संस्था को प्रदान करेंगे, जिसके आधार पर कैलेण्डर तैयार किया जावेगा।

## नैनो टेक्नोलॉजी प्रगति पर प्रशिक्षण

अनुप्रयुक्त विज्ञान विभाग द्वारा 09 से 13 जुलाई 2018 तक विस्तार केन्द्र अहमदाबाद में ''नैनो टेक्नोलॉजी प्रगति'' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षाणार्थियों को नैनो पार्टिकल एवं उनके विकास की प्रक्रिया, संगठित पदार्थ के मूल संवर्धन एवं विभिन्न अभियांत्रिकी शाखाओ में प्रयोग से संबंधित जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को नैनो पदार्थ का कम्प्यूटर सॉफटवेयर के माध्यम से विश्लेषण करने की पद्धति से अवगत कराया गया। सॉफ्ट नैनो पदार्थ एवं जैव नैनो मटेरियल एवं उनके अनुप्रयोग पर विस्तृत रूप से बताया गया। इस कार्यक्रम में पॉलिटेक्निक/इंजीनियरिंग संस्थान के 32 शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. हुसैन जीवाखान थे। संकाय सदस्य के रूप में प्रो.पी.के. पुरोहित ने सहयोग प्रदान किया।



## डिजिटल सिग्नल प्रक्रिया पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

संस्थान के इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रानिक्स अभियांत्रिकी विभाग द्वारा 20 से 24 अगस्त 2018 तक ''डिजिटल सिग्नल प्रक्रिया'' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मेनिट, आर.जी.पी.वी. एवं एस.ए.टी.आई. से आये विषय विशेषज्ञ प्राध्यापकों द्वारा नवीन अनुसंधान क्षेत्रों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षणार्थियों ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना की। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मध्यप्रदेश, गुजरात एवं महाराष्ट्र पॉलिटेक्निक/ इंजीनियरिंग संस्थान के 15 शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. अंजलि पोटनीस थी।



## पावर सिस्टम प्रबंधन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम



संस्थान के इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रानिक्स अभियांत्रिकी विभाग द्वारा 06–10 अगस्त 2018 तक 'पॉवर सिस्टम प्रबंधन' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को विद्युत प्रणाली, माइक्रो ग्रिड, स्मार्ट ग्रिड जी.आई.एस. एवं बिजली सुरक्षा से संबंधित सहायक सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षणार्थियों ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना की। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मध्यप्रदेश, गुजरात एवं महाराष्ट्र पॉलिटेक्निक/इंजीनियरिंग संस्थान के 12 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. ए.एस. वाल्के थे।

## ''हरित प्रोद्यौगिकी'' विषय पर कार्यशाला

राजभाषा कार्यान्वयन समिति के तत्वाधान में 20–21 अगस्त 2018 को ''हरित प्रोद्यौगिकी'' विषय पर हिंदी कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में हरित प्रोद्योगिकी एवं उसकी आवश्यकता, जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग, कृषि क्षेत्र, भवन निर्माण, ऑटोमोबाईल, स्वास्थय, परिवहन आदि के क्षेत्रों में हरित प्रोद्योगिकी की आवश्यकता के बारे में विस्तार से बताया गया। इस कार्यशाला के समन्वयक डॉ. बशीरूल्ला शेख थे। संकाय सदस्य के रूप में प्रो. पी.के. पुरोहित ने अपना योगदान दिया।



## सृष्टि के शिल्पकार की जयंती मनाई गई



संस्थान में 17 सितंबर को भगवान विश्वकर्मा की जयंती धूमधाम से मनाई गयी। इस अवसर पर संस्थान के कार्यकेन्द्र व विभिन्न विभागो में भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गयी। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. सी. थंगराज, प्रो. आर.के. दीक्षित, प्रो. शरद प्रधान एवं प्रो.ए.के.सराठे के अतिरिक्त कार्य केन्द्र के सभी अधिकारी/कर्मचारी एवं छात्र–छात्रायें उपस्थित थे।

## विदाई समारोह का आयोजन

संस्थान में कार्यरत वरिष्ठ कर्मचारी श्रीमती ज्योत्सना तांबे, कार्यालय सहायक को उनकी अर्धवार्षिकी आयु पूर्ण करने पर दिनांक 31 अगस्त 2018 को परम्परागत तरीके से विदाई समारोह का आयोजन किया गया। उनके स्वस्थ एवं सफल जीवन हेतु संस्थान द्वारा शुभकामनाएँ दी गई।



## हिन्दी पखवाड़ा आयोजित

संस्थान में राजभाषा कार्यान्वयन समिति के तत्वावधान में 1–14 सितम्बर 2018 तक हिन्दी पखवाड़ा आयोजित किया गया। इसके अंतर्गत हिन्दी निबंध,



वाद–विवाद, तात्कालिक भाषण, श्रुत लेखन एवं स्वरचित गज़ल/कविता पाठ का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिताएं संस्थान के सभी सदस्यों एवं स्नातकोत्तर छात्र छात्राओं हेतु अलग–अलग श्रेणियों के अंतर्गत आयोजित की गई। 14 सितम्बर 2018 को पखवाड़ा के समापन के अवसर के साथ हिन्दी दिवस भी मनाया गया। इसी दिन प्रश्नमंच का आयोजन एवं पुरस्कार वितरण भी किया गया। प्रश्नमंच एवं सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रभारी निदेशक प्रो. डी.एस. करौलिया एवं प्रो. बी.एल. गुप्ता द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्रभारी निदेशक द्वारा हिन्दी दिवस की बधाई प्रेषित की गई एवं अधिक से अधिक हिन्दी में कार्य किये जाने का सभी से आव्हान किया।

## पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी जी को श्रद्धांजलि



संस्थान में दिनांक 16 अगस्त 2018 को पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेयी जी के दुखद निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। आयोजन में संस्थान के संकाय/अधिकारी/ कर्मचारीगण ने स्व. बाजपेयी जी के बारे में अपने–अपने विचार व्यक्त किए एवं उसके बाद दो मिनट का मौन धारण कर उनको श्रद्धांजलि दी गयी।

## एनआईटीटीटीआर, भोपाल द्वारा जुलाई अगस्त सितम्बर 2018 में संपन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम

| No. | Title of the Programme | Duration | Venue |
|---|---|---|---|
| 1 | Induction Programme Phase I | 25 June-06 July 2018 | NITTTR Bhopal |
| 2 | Industrial Training for Teachers | 25 June-06 July 2018 | NITTTR Bhopal |
| 3 | Construction Planning, Management and Contract Practices (including P6 Software) | 02-06 July 2018 | RC Ahmedabad |
| 4 | Digital Image Processing using MATLAB and LABVIEW | 02-06 July 2018 | NITTTR Bhopal |
| 5 | Student Evaluation and Assessment | 02-06 July 2018 | RC Pune |
| 6 | Accreditation of engineering programmes | 02-06 July 2018 | GP Nasik |
| 7 | Academic Leadership | 02-06 July 2018 | NITTTR Bhopal |
| 8 | Advances in Nano Technology | 09-13 July 2018 | RC Ahmedabad |
| 9 | Training on Learning Management System | 09-13 July 2018 | NITTTR Bhopal |
| 10 | Accreditation of engineering programmes | 09-13 July 2018 | GP Nagpur |
| 11 | Solid Modelling and Assembly using Unigraphics Software | 09-13 July 2018 | NITTTR Bhopal |
| 12 | Educational Project Management (LFA and TOC) | 09-13 July 2018 | NITTTR Bhopal |
| 13 | Induction Programme Phase II | 09-20 July 2018 | NITTTR Bhopal |
| 14 | Second training-cum-course detailing programme for Group 2 (EE, CH, PT) | 10-12 July 2018 | RC Pune |
| 15 | Problem solving and Decision Making skills | 16-18 July 2018 | RC Pune |
| 16 | Problem solving and Decision Making skills | 16-18 July 2018 | NITTTR Bhopal |
| 17 | Need of Bio-fuels and Hybrids as an Alternative Sources of Energy | 16-20 July 2018 | Bhopal |
| 18 | Instructional Resources Development | 16-20 July 2018 | RC Pune |
| 19 | Accreditation of engineering programmes | 16-20 July 2018 | GP Kolhapur |
| 20 | Training cum workshop on Content detailing of Semester - V Courses of all programme of CRP, CSVTU, Bhilai | 16-20 July 2018 | BIT, Durg |
| 21 | Effective Classroom Communication | 23-27 July 2018 | NITTTR Bhopal |
| 22 | Developing and Using Instructional Media | 16-27 July 2018 | NITTTR Bhopal |
| 23 | Induction Phase I | 16-27 July 2018 | RC Ahmedabad |
| 24 | Advances in Concrete Technology | 23-27 July 2018 | NITTTR Bhopal |
| 25 | Android Application Development | 23-27 July 2018 | NITTTR Bhopal |
| 26 | Energy Audit and Energy Conservation | 23-27 July 2018 | NITTTR Bhopal |
| 27 | Accreditation of engineering programmes | 23-27 July 2018 | GP Amrawati |
| 28 | Project and Financial Management | 23-27 July 2018 | RC Pune |
| 29 | Innovative Approaches To Laboratory & Workshop Based Learning and Capstone Projects | 23-27 July 2018 | RC Goa |
| 30 | Induction Programme Phase I | 23 July-03 Aug. 2018 | GP Amrawati |
| 31 | Induction Programme Phase I | 23 July-03 Aug 2018 | NITTTR Bhopal |
| 32 | Second training-cum-course detailing programme for Group 3 (EJ, DE, IE, IS) | 24-26 July 2018 | RC Pune |
| 33 | Induction Programme Phase II | 30 July-10 Aug. 2018 | NITTTR Bhopal |
| 34 | GIS and Remote Sensing | 30 July-03 Aug. 2018 | NITTTR Bhopal |
| 35 | Network Administration and Server Management using windows | 30 July-03 Aug. 2018 | NITTTR Bhopal |
| 36 | Induction Phase-I | 30 July-10 Aug. 2018 | RC Ahmedabad |
| 37 | Quality Management System | 30 July-10 Aug. 2018 | NITTTR Bhopal |
| 38 | Low cost Building materials and Construction Technologies | 06-10 Aug. 2018 | NITTTR Bhopal |
| 39 | Recent trends in power system management | 06-10 Aug. 2018 | NITTTR Bhopal |
| 40 | Question Paper Development for Outcome based curriculum | 06-10 Aug. 2018 | NITTTR Bhopal |
| 41 | NBA and Performance Based Appraisal System | 06-10 Aug. 2018 | RC Pune |
| 42 | TOT on Awareness programme for Startups for potential entrepreneurs | 06-10 Aug. 2018 | RC Pune |
| 43 | Leadership and Change Management | 07-09 Aug. 2018 | NITTTR Bhopal |
| 44 | Second training-cum-course detailing programme for Group 4 (TX, TC, DC, CO, IF) | 07-09 Aug. 2018 | RC Pune |
| 45 | Case Writing and Case Teaching | 20-24 Aug. 2018 | NITTTR Bhopal |
| 46 | Mathematics for Engineering applications | 20-24 Aug. 2018 | NITTTR Bhopal |
| 47 | Digital Signal Processing | 20-24 Aug. 2018 | NITTTR Bhopal |
| 48 | Induction Programme Phase I | 20-31 Aug. 2018 | NITTTR Bhopal |
| 49 | Construction Project Management for Efficiency Improvement using emerging Strategies and Tools (ITEC) | 20-31 Aug. 2018 | NITTTR Bhopal |
| 50 | Induction Programme Phase I | 20-31 Aug. 2018 | GP Kolhapur |
| 51 | Educational Video Production | 27-31 Aug. 2018 | NITTTR Bhopal |
| 52 | Finite Element Analysis, Finite Element Methods | 27-31 Aug. 2018 | Bhopal |
| 53 | Design, Development and Use of Rubrics in Student Evaluation | 27-31 Aug. 2018 | RC Pune |
| 54 | Academic Excellence in Technical Institutions | 27-31 Aug. 2018 | RC Goa |
| 55 | Induction Phase II | 27 Aug.08 Sept. 2018 | RC Ahmedabad |
| 56 | First Additional Workshops for in-plant training course detailing and other remaining courses (MU, PS, ME, AE, EE, CH, PT) | 28-30 Aug. 2018 | RC Pune |
| 57 | Structural Design using STAAD Pro, STRUDS, ETAB, SAFE (for Pile Foundation) | 03-07 Sept. 2018 | NITTTR Bhopal |
| 58 | Development of Massive Open Online Courses (MOOCS) | 03-07 Sept. 2018 | NITTTR Bhopal |
| 59 | Laboratory Management and Upkeep | 03-07 Sept. 2018 | NITTTR Bhopal |
| 60 | Lab Manual Development | 03-07 Sept. 2018 | NITTTR Bhopal |
| 61 | NBA and Performance Based Appraisal System | 03-07 Sept. 2018 | RC Pune |
| 62 | Awareness Programme for Start-ups for Potential Entrepreneurs | 03-07 Sept. 2018 | RC Goa |
| 63 | Induction Programme Phase II | 03-14 Sept. 2018 | NITTTR Bhopal |
| 64 | Resource Management for Manufacturing Sector (ITEC) | 03-14 Sept. 2018 | NITTTR Bhopal |
| 65 | Intellectual Property Rights | 10-14 Sept. 2018 | NITTTR Bhopal |
| 66 | Second Additional Workshops for inplant training course detailing and other remaining courses (CE, EJ, DE, IE, IS, TX, TC, DC, CO, IF) | 11-13 Sept. 2018 | RC Pune |
| 67 | Sustainable Development Practices and Institution Building | 17-21 Sept. 2018 | NITTTR Bhopal |
| 68 | Accreditation of engineering programmes | 17-19 Sept. 2018 | GP Aurangabad |
| 69 | Induction Programme Phase I | 17-28 Sept. 2018 | NITTTR Bhopal |
| 70 | Induction Programme Phase I | 17-28 Sept. 2018 | GP Pune |
| 71 | Induction Phase-I | 17-28 Sept. 2018 | RC Ahmedabad |
| 72 | Advances In Surveying | 24-28 Sept. 2018 | NITTTR Bhopal |
| 73 | Green Building and Sustainable Development | 24-28 Sept. 2018 | NITTTR Bhopal |
| 74 | Advanced Java Web Programming (Servlet, JSP and Tomcat) | 24-28 Sept. 2018 | NITTTR Bhopal |
| 75 | Multi-Sim for Digital circuits and MCU | 24-28 Sept. 2018 | NITTTR Bhopal |
| 76 | Finite Element Analysis using ANSYS Software | 24-28 Sept. 2018 | NITTTR Bhopal |
| 77 | Effective Communication and Personality Development | 24-28 Sept. 2018 | RC Pune |
| 78 | Instructional Material Design and Production for Open Education Resources (ITEC ) | 24 Sept.-05 Oct. 2018 | NITTTR Bhopal |

# एनआईटीटीटीआर भोपाल में आयोजित विभिन्न गतिविधियाँ



स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम



हिन्दी पखवाड़ा संपन्न



राजभाषा कार्यक्रम



म.प्र. प्रशिक्षण की आवश्यकता पर कार्यशाला



अनुदेशन सामग्री पर प्रशिक्षण



प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

संरक्षक : प्रो. सी. थंगराज, निदेशक, संपादक : प्रो. पी. के. पुरोहित, सह–संपादक : श्रीमती शोभा लेखवानी,
सहयोग : श्रीमती अनिता लाला, टंकण : श्री सुधीर त्रिपाठी, छायांकन : श्री रितेन्द्र पवार
आन्तरिक वितरण हेतु राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, भोपाल द्वारा प्रकाशित एवं भंडारी ऑफसेट प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित